# *Sai Social Responsibility Research Centre*

***104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005***


दिनांक 5अक्टूबर2025 को साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने सफ़दरगंज फ्लाईओव बस्ती क्षेत्र में निः शुल्क कंप्यूटर लगाई गई। यह पहल गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर की गई थी जिसका उद्देश्य बस्ती को बच्चों और युवाओं  को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना था।




प्रथम दिन प्रतिभागियों की संख्या बहुत अधिक रही क्योंकि उस दिन 2 अक्टूबर गांधी जयंती को सब बच्चों की छुट्टी थी। रविवार 5 अक्टूबर को बच्चों की  संख्या कम रही क्योंकि बस्ती के कुछ बच्चे बाजार में काम करते हैं, तो वे कंप्यूटर कक्षा में शामिल नहीं हो पाए। अतः हमने पुनः बेसिक तौर पर कंप्यूटर की जानकारी दी। पहले दिन प्रतिभागियों को कंप्यूटर के मूलभूत ज्ञान जैसे- की-बोर्ड, माउस का प्रयोग, फाइल सेव करना , टाइपिंग का अभ्यास कराया गया। दूसरे दिन बच्चों को एम. एस . पेंट, वर्ड और इंटरनेट

की प्रारंभिक जानकारी दी गई। साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर ने इस पहल को केवल एक  दिन तक सीमित न रखते हुए, इसे सप्ताहांत  को भी जारी रखा  एवं  छः सप्ताहांत तक ये कक्षाएं रखी जायेगी। दो समूह  बनाये गए

संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि आगे भी ऐसी निःशुल्क कक्षाएँ विभिन्न झुग्गी-बस्तियों में आयोजित की जाएंगी, ताकि समाज के हर वर्ग तक तकनीकी शिक्षा पहुंच सके ।




कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों ने बच्चों को नियमित अभ्यास करने की सलाह दी। सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार  वितरित  किया गया। पुनः हमने बच्चों से कंप्यूटर शिक्षा की महत्व के बारे में बातचीत करते हुए उन्हें नियमित रूप से आने को कहा और उन्हें निःशुल्क कम्प्यूटर  शिक्षा के लिए प्रेरित किया। छोटे बच्चों  को अंग्रेजी का महत्व भी बताया गया । साईं सोशल रिस्पोंसिबिलिटी

एवं रिसर्च सेंटर  ने ये भी घोषणा की कि  जो बच्चे रोज आएंगे उन्हें पुरस्कार दिया जाएगा